दिनांकः 27.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देशभर में आज से–बाल विवाह मुक्त भारत–राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ होगा।
- प्रदेशभर में राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट का आयोजन अब एक ही दिन में किया जाएगा।
- राज्य के विमुक्त और घुमन्तु समुदाय के लोगों के आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए आज से सभी जिलों में शिविरों का आयोजन।
- प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री ऊपर दर्ज–एक दिसम्बर से तापमान में गिरावट के आसार।

.................

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान–बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारंभ करेंगी। अभियान का प्राथमिक लक्ष्य देश को बाल विवाह की कुप्रथा से मुक्ति दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरूआत जागरुकता बढ़ाने, बाल विवाह रोकने और ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना देने के मिशन में सहयोग के लिए की गई है। महिला और बाल विकास मंत्री इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प दिलाएंगी। इस अभियान के दौरान संकल्प लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पंहुचने की संभावना है।

.................

केन्द्रीय कार्मिक, जनशिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पेंशन धारकों और वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र व्यवस्था ने अपने तीसरे चरण में रिकॉर्ड एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों का जीवन आसान बनाएगा। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान का तीसरा चरण इस महीने की पहली तारीख से देश के आठ सौ शहरों और कस्बों में चलाया जा रहा है। इसके तहत 25 नवम्बर तक एक हजार नौ सौ से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं।

.................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने श्री यादव से प्रदेश के विभिन्न कार्यों के लिए आवश्यक पर्यावरण स्वीकृति दिलवाने का आग्रह किया। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न मांगों और विषयों पर चर्चा की। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

.................

देशभर के शहरी स्थानीय निकायों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय महापौर और अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। 16वें वित्त आयोग की ओर से आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य शहरी स्थानीय शासन की चुनौतियों और सुधार के उपायों पर चर्चा करना था। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भी इसमें शिरकत की। डॉ. गुर्जर ने नगर निगमों की भूमिका, स्थानीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन, और आधुनिक शहरी योजनाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहल को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर सशक्तीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में देशभर के 100 से अधिक महापौर और अध्यक्ष

उपस्थित थे, जिन्होंने शहरी स्थानीय शासन को सशक्त बनाने के विभिन्न उपायों पर विचार–विमर्श किया।

.................

प्रदेशभर में अब राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट का आयोजन एक ही दिन में किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव, कृष्ण कुणाल ने ये जानकारी दी। रीट को लेकर कल जयपुर के शिक्षा संकुल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री कुणाल ने बताया कि अभ्यर्थियों को उनके निकटतम जिलों में परीक्षा केन्द्र आवंटित करने पर भी विचार किया गया है। उन्होंने परीक्षा की गोपनीयता और प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। शासन सचिव ने परीक्षा का आयोजन फरवरी में करवाने के साथ ही प्रश्न पत्र बनाने, रख–रखाव तथा वितरण व्यवस्था में पूरी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने परीक्षा के सुचारू और सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।

.................

राज्य के विमुक्त और घुमन्तु समुदाय के लोगों के आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए आज से सभी जिलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। पंचायत समितियों, नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद स्तर पर ये शिविर 15 दिसम्बर तक आयोजित किये जाएंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इन शिविरों के लिए संबंधित प्रभारी, उपखण्ड अधिकारी होंगे। शिविरों के दौरान इस समुदाय के लोगों के वोटर आई.डी. आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज बनाए जाएंगे। श्री गहलोत ने बातया कि इन लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

.................

राज्य के 19 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी चिकित्सालयों में तथा 98 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को पशु चिकित्सा केंद्रों में क्रमोन्नत किया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि कई जिलों में विभिन्न श्रेणी के चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पशुपालकों को पशुओं के लिए अपने नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ भी जल्दी मिल सकेगा। श्री कुमावत ने बताया कि इन सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में नए पदों के सृजन की स्वीकृति भी जारी की गई है। सभी क्रमोन्नत पशु चिकित्सालयों के लिए आवश्यक उपकरण और फर्नीचर खरीदने के लिए 30–30 हजार रुपये भी मंजूर किए गए हैं।

.................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री ऊपर दर्ज किया जा रहा है। अधिकतर जगह रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया है। केवल शेखावाटी क्षेत्र में कुछ जगह ये 9 डिग्री तक बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में मौसम शुष्क बने रहने और तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि एक दिसम्बर से उत्तरी हवाओं के प्रभाव से कुछ गिरावट आने के आसार हैं।

.................

प्रदेश में अगले महीने की 14 तारीख को आयोजित होने वाली इस साल की चौथी और आखिरी राष्ट्रीय लोक आदालत की तारीख में बदलाव किया गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर और जयपुर पीठ में इसका आयोजन 21 दिसम्बर को किया जाएगा। वहीं सभी अधीनस्थ न्यायालयों, न्यायाधिकरणों, प्राधिकरणों, आयोगों और मंचों में 22 दिसम्बर को लोक अदालत लगाई जाएगी। विधि विभाग के विशिष्ट शासन सचिव, सुरेन्द्र पुरोहित ने बताया कि 13 दिसम्बर को राजस्थान उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों के बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

.................

स्वच्छता से आमजन और विशेष तौर पर बच्चों को जोड़ने के लिए जयपुर हेरिटेज नगर निगम की ओर से 'कौन बनेगा बाल पार्षद' अभियान शुरू किया गया है। महापौर कुसुम यादव ने कल इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के साथ जोड़ना बहुत जरूरी है। श्रीमती यादव ने कहा कि बच्चे जब स्वच्छता अभियान के भागीदार बनेंगे तो हर जगह स्वच्छता का माहौल होगा। महापौर ने कार्यक्रम में अभियान के पोस्टर का भी विमोचन किया। अभियान के दौरान निगम के

अलग–अलग वॉर्डों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके तहत कई प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्रतियोगिता में से चयनित बच्चों को बाल पार्षद बनने का मौका मिलेगा।

.................